426/USDMA
01/06/23

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रवन्धन प्राधिकरण,
सचिवालय परिसर देहरादून।

संख्याः– 1112 /तेरह–आ0प्र0/गौमुख/सर्वे0/2020–21 दिनांक 22 मई, 2023

विषयः– मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित जनहित याचिका संख्या–148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या–34-W/XVIII-B-1/2023–11 (18)/2017 दिनांक 16.05.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के द्वारा मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित याचिका संख्या–148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य में सुनवाई दिनांक 28.07.2022 के माध्यम से प्रकरण को डिस्पॉज ऑफ किया गया है तथा पारित आदेश के प्रस्तार–05 एवं 06 का शीर्ष प्राथमिका के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये है।

310
JCEO/ED
Put up with reference
87
01/6/2023

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त याचिका में पारित आदेशों का जनपद स्तर से अनुपान किया जाता है, प्रश्नगत क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सतर्कता के समय–समय पर वन विभाग के दल से सर्वेक्षण करवाया जाता है। उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी के संलग्न पत्र संख्या–1463/1–13 कोटबंगला दिनांक 22.5.2023 के द्वारा अवगत कराया गया है कि वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 17.05.2023 व दिनांक 18.05.2023 को एक टीम गौमुख भ्रमण पर गयी थी। जिनके द्वारा अवगत कराया गया है कि गौमुख से भागीरथी नदी का प्रवाह पूर्वत दिशा एवं स्थिति में अपने बहान में निरन्तर बह रही है। नदी के बहाव में कसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं है और ना ही गौमुख क्षेत्र में कोई भौगोलिक परिर्वतन देखने में आया है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

Sd/-
प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

DMF/ED
श्री ...
01/06/2023

प्रतिलिपिः– अधिशासी निदेशक, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड, देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/-
प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

Geologist
श्री ...
Website

GANGOTRI NATIONAL PARK

कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री रांजि।

Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक :1031/1-13 कोटबंगला, दिनांक 19.05.2023

सेवा में,

उप निदेशक,
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
उत्तरकाशी।

विषय :- मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में ओजित जनहित याचिका संख्या–148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :- आपका पत्रांक 1110/तेरह–आ0प्र0/2023 दिनांक 22.05.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि दिनांक 17.05.2023 व 18.05.2023 को अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में एक टीम गौमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान देखने में आया है कि गौमुख से भागीरथी नदी का प्रवाह पूर्वत दिशा एवं स्थिति में अपने बहाव में निरन्तर बह रही है। नदी के बहाव में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्ततन नही है और ना ही गौमुख क्षेत्र में कोई भौगोलिक परिवर्तन देखने में आया है।

अतः महोदय की सेवा में सूचना सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी,
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
रेंज गंगोत्री।